महिला अध्ययन केन्द्र मथुरा, माह अगस्त गतिविधि

आज दिनांक 16 सितम्बर 2023 को उ०प्र० पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा, ग्राम बंदी तहसील महावन, ब्लॉक बलदेव जिला मथुरा में महिला अध्ययन केन्द्र के अर्न्तगत बालिकाओं व महिलाओं हेतु समाज मे व्याप्त कुरीतिओं व कुप्रथाओ के प्रति जागरूकता लाने के उददेश्य से एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । आयोजित कार्यक्रम में समस्त प्रतिभागियो को समाज में प्रचलित विभिन्न कुप्रथाओं जैसे–दहेज प्रथा, पर्दा प्रथा, बेटी को न पढाना आदि के संबध में विस्तृत जानकारी दी गई तथा इन कुरीतिआ के दुष्प्रभाव के बारे मे चर्चा की गई । कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित करने हेतु कार्यक्रम समनव्यक डॉ रश्मि सिंह, डॉ पारूल, डॉ शालिनी, श्रीमती अर्चना ने मुख्य भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम में 70 से अधिक महिलाओं व बालिकाओं ने भाग लिया ।

कार्यक्रम में समस्त प्रतिभागिओं को दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतिओं का पीडिता तथा उसके परिवार पर होने वाले दुष्प्रभाव व मानसिक वेदना को भली प्रकार समझाने हेतु दुवासु परिवार में अध्ययनरत वी. वी. एस सी एडं ए. एच के द्वितीय वर्ष के छात्र छात्राओं द्वारा एक नाटय का अत्यन्त सुन्दर व मार्मिक प्रदर्शन किया गया। सभी प्रतिभागियों ने नाट्य–प्रस्तुति को सराहा तथा प्रस्तुति से प्राप्त संदेश को भी अंगीकृत करने का प्रण लिया ।

कार्यक्रम में बालिकाओं का मनोबल बढाने हेतु चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने बढ चढ कर हिस्सा लिया और बेहतरीन प्रदर्शन भी किया। प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेताओ को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम की मुख्य समन्वयक डॉ रश्मि सिंह ने बेटी पढाने तथा दहेज प्रथा के उन्मूलन आदि विषयों पर गूढ चर्चा की तथा प्रतिभागियों को बेटी बचाओं व बेटी को पढाने हेतु प्रोत्साहित किया । इस क्रम में डॉ पारूल व डॉ शालिनी ने भी प्रतिभागियों को सम्बोधित किया । आयोजित कार्यक्रम में गॉव की महिलाओं ने बढ चढ कर प्रतिभाग किया तथा कार्यक्रम में रूचि दिखाई। कार्यक्रम में गॉव के प्रधान श्री रेत राम तथा अन्य सहायकों की सहभागिता सहरानीय रही। अंत में सभी प्रतिभागियों को स्वल्पाहार वितरित किया गया ।